भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †58
सोमवार, 22 जुलाई, 2024/31 आषाढ़, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

मध्य प्रदेश में पर्यटन को प्रोत्साहन

†58. **श्रीमती संध्या राय:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) मध्य प्रदेश राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए योजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) सरकार द्वारा मध्य प्रदेश के भिंड और दतिया जिलों में स्थित शक्तिपीठों के संवर्धन देने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं; और

(ग) मध्य प्रदेश के भिंड और दतिया जिलों में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए किए गए व्यय का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ग): पर्यटन मंत्रालय (एमओटी) अन्य बातों के साथ-ही मध्य प्रदेश के धार्मिक स्थलों सहित समग्र पर्यटक गंतव्य के रूप में भारत का संवर्धन करता है। आध्यात्मिक पर्यटन सहित विभिन्न पर्यटन उत्पादों और थीमों को प्रदर्शित करने के लिए भी प्रचार किया जाता है। इसके अलावा, पर्यटन गंतव्यों का प्रचार-प्रसार मंत्रालय की वेबसाइट के साथ-साथ सोशल मीडिया हैंडलों के माध्यम से भी किया जाता है। पर्यटन मंत्रालय अपनी स्वदेश दर्शन (एसडी) एवं तीर्थयात्रा जीर्णोद्धार और आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद) योजनाओं के तहत पर्यटन गंतव्यों पर अवसंरचना विकास के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है। मंत्रालय ने प्रशाद योजना के तहत विकास के लिए श्री पीताम्बरा पीठ, जिला दतिया और शनिदेव मंदिर, जिला मुरैना को चिह्नित किया है। इसके अलावा, स्वदेश दर्शन की चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी) नामक एक उप-योजना के तहत मांडू और ओरछा को विकास के लिए चिह्नित किया गया है। ग्वालियर और चित्रकूट को भी एसडी 2.0 के तहत क्रमशः 16.73 करोड़ रु. और 27.21 करोड़ रु. की लागत से मंजूरी दी गई है। मध्य प्रदेश राज्य में प्रशाद और एसडी के तहत मंत्रालय द्वारा स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

****

अनुबंध

श्रीमती संध्या राय द्वारा मध्य प्रदेश में पर्यटन को प्रोत्साहन के संबंध में दिनांक 22.07.2024 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. †58 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में **विवरण।**

स्वदेश दर्शन और प्रशाद योजना के तहत मध्य प्रदेश राज्य में परियोजनाओं की सूची

योजना का नाम	वर्ष	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)
स्वदेश दर्शन	2015-16	पन्ना-मुकुंदपुर-संजय-दुबरी-बांधवगढ़-कान्हा-मुक्की-पेंच में वन्यजीव परिपथ का विकास	92.10
	2016-17	सांची-सतना-रीवा-मंदसौर-धार का विकास	74.02
	2016-17	ग्वालियर- ओरछा - खजुराहो - चंदेरी - भीमबेटका - मांडू का विकास	89.49
	2017-18	गांधीसागर बांध - मंडलेश्वर बांध- ओंकारेश्वर बांध- इंदिरा सागर बांध- तवा बांध- बरगी बांध- भेड़ा घाट- बाणसागर बांध- केन नदी का विकास	93.52
प्रशाद	2017-18	ओंकारेश्वर का विकास	43.93
	2020-21	अमरकंटक का विकास	49.99

******